प्रसारण तिथि : 15.08.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्यासीवें स्वाधीनता दिवस समारोह में राष्ट्र का किया नेतृत्व : लाल किले से आत्मनिर्भर भारत के लिए कई कार्यक्रमों की घोषणा की।
2. प्रधानमंत्री ने कहा– सरकार विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के उद्देश्य से अगली पीढ़ी के सुधारों को लागू करने के लिए कार्यबल का करेगी गठन।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ विधानसभा परिसर में किया ध्वजारोहण : उत्तर प्रदेश को गरीबी मुक्त और एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था का राज्य बनाने का किया आह्वान।

और

4. मथुरा, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के लिये सज–धज कर तैयार : देश–विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिये की गई विशेष व्यवस्था।

———————

राष्ट्र आज 79वां स्वाधीनता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में ऐतिहासिक लालकिले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर समारोह का नेतृत्व किया। लालकिले के प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के जांबाज़ सैनिकों को नमन किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर देश के सशस्त्र

बलों के साहस और शौर्य का सशक्त साक्ष्य है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने सशस्त्र बलों को रणनीति तैयार करने, लक्ष्य और समय तय करने की खुलो छूट दी। बाइट..

*2 तारीख के बाद हमने हमारी सेना को खुली छूट दे दी। रणनीति वो तय करें, लक्ष्य वो तय करें, समय भी वो चुने और हमारी सेना ने वो करके दिखाया, जो कई दशकों तक कभी हुआ नहीं। सैकड़ो किलोमीटर दुश्मन की धरती पर घुस करके आतंकी हेडक्वार्टर्स को मिट्टी में मिला दिया।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने अब फैसला कर लिया है कि लहू और पानी एक साथ नहीं बहेंगे। उन्होंने कहा कि देशवासियों ने अब समझ लिया है कि सिंधु जल समझौता अनुचित था श्री मोदी ने कहा, भारत परमाणु हमले की धमकी अब बर्दाश्त नहीं करेगा। बाइट....

*भारत ने तय कर लिया है, न्यूक्लियर के धमकियों को अब हम सहने वाले नहीं हैं। न्यूक्लियर ब्लैकमेल लंबे अरसे से चला आया है। अब ब्लैकमेल नहीं सहा जाएगा। आगे भी अगर दुश्मनों ने यह कोशिश जारी रखी, हमारी सेना तय करेगी, सेना की शर्तों पर सेना जो समय निर्धारित करे उस समय पर, अब हम अमल में लाकर के रहने वाले हैं।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुश्मनों को करारा जवाब देने के लिए सशक्त हथियार प्रणाली – सुदर्शन चक्र मिशन शुरू करेगा। बाइट....

*अब देश सुदर्शन चक्र मिशन लॉन्च करेगा। ये मिशन सुदर्शन चक्र एक पावरफुल वैपन सिस्टम दुश्मन के हमले को न्यूटीलाइज तो करेगा ही करेगा, लेकिन कई गुना ज्यादा दुश्मन पर हिट पैक करेगा। आने वाले 10 सालों में हम उसको प्रखरता से आगे बढ़ना चाहते हैं।*

प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत को विकसित भारत का आधार स्तंभ बताया। श्री मोदी ने कहा कि मेड इन इंडिया

हथियारों सहित स्वदेशी क्षमता से भारत निर्णायक और स्वतंत्र कार्रवाई करने में सक्षम हुआ। अब राष्ट्रीय सुरक्षा विदेशी सहयोग पर निर्भर नहीं रह सकती। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने एक लाख करोड रूपये से प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना शुरू करने की घोषणा की। बाइट....

*प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना आज ही 15 अगस्त को लागू हो रही है। यह आपके लिए खुशखबरी है। इस योजना के तहत निजी क्षेत्र में पहली नौकरी पाने वाले नौजवान को, बेटे–बेटी को 15 हजार रूपये सरकार की तरफ से दिए जाएंगे। कंपनियों को भी नए रोजगार देने*

प्रधानमंत्री न कहा है कि आगामी दीपावली तक नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधार शुरू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से सामान्य लोगों, किसानों और मध्य वर्ग को राहत मिलेगी और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी। प्रधानमंत्री ने नेक्स्ट जेनरेशन सुधारों को लागू करने के लिए एक प्रतिबद्ध सुधार कार्यबल बनाने की घोषणा की। बाइट....

*नेक्स्ट जनरेशन रिफॉर्म्स के लिए हमने एक टास्क फोर्स गठित करने का निर्णय लिया है। यह टास्क फोर्स समय सीमा में इस काम को पूरा करें। वर्तमान नियम, कानून, नीतियां, रीतियां 21वीं सदी के अनुकूल, वैश्विक वातावरण में अनुकूल और भारत को 2047 में विकसित राष्ट्र बनाने के संदर्भ में नए सिरे से तैयार हो और उसका समय सीमा में अपना कार्य पूरा करने के लिए इस टास्क फोर्स की रचना की है।*

श्री मोदी ने समुद्री संसाधनों के दोहन के लिए गहरे–जल में खोज के उद्देश्य से राष्ट्रीय मिशन बनाने की भी घोषणा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत इस साल के

अंत तक सेमीकंडक्टर चिप्स शुरू करेगा जो, मेड इन इंडिया की बढ़ती ताकत को दर्शाता है।

अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से लौटे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहना करते हुए, प्रधानमंत्री ने भारत के अपने अंतरिक्ष स्टेशन के लिए महत्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणा की, जो स्वदेशी अंतरिक्ष क्षमताओं के एक नए युग का संकेत है।

———————

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन में ध्वजारोहरण किया। इस अवसर पर उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित भी किया। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में अपने सरकारी आवास पर झंडारोहण किया और उसके बाद विधान भवन परिसर में ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और भारत की सुरक्षा में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले देश के महान सपूतों को नमन किया। मुख्यमंत्री ने राष्ट्र को रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों के परिजनों को सम्मानित भी किया।

उन्होंने उत्तर प्रदेश को गरीबी मुक्त और एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का राज्य बनाने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत के सामर्थ्य और शक्ति के सफल क्रियान्वयन को दुनिया ने देखा है। बाइट.....

*ऑपरेशन सिंदूर के अंदर हमारे जवानों ने जिन अस्त्र शस्त्रों का प्रयोग किया था जो मिसाइल जो ड्रोन इस्तेमाल हुए थे ये स्वदेशी है कोई भी देश अपने सामर्थ्य और शक्ति पर तभी विश्वास कर सकता है याद रखना जब वह अपने हस्तशिल्पी अपने। कारीगर और अपने देश के उद्यमियों को आगे बढ़ने के लिए एक बेहतरीन माहौल देता है। एक ओर सुरक्षा का बेहतर माहौल और दूसरी तरफ स्वदेशी को जीवन का हिस्सा बनाना*

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वाधीनता या स्वतंत्रता स्वच्छंदता नहीं होती है। यह समारोह हम सबको हमारे राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति अहसास कराने का एक संकल्प प्रदान करता है। बाइट......

*हर नागरिक के मन में अपने राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति एक स्वर में एक भाव के साथ अपने उत्तरदायित्व के निर्वहन का ये संकल्प गूंजेगा तो देश के प्रधानमंत्री जी के द्वारा विकसित भारत का व संकल्प साकार रूप में मूर्त रूप में हम सबको दिखाई देगा।*

---

प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने आज नई दिल्ली स्थित दूरदर्शन भवन में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर उन्होंने विकसित भारत के लिए देशवासियों के बीच विश्वसनीय जानकारी और देशभक्ति की भावना के प्रसार की आवश्यकता पर बल दिया।

---

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0

पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

प्रदेशभर में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर शाहजहांपुर में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, कानपुर नगर के नाना राव पार्क में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, उन्नाव में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश अंसारी, गोरखपुर में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, प्रयागराज में मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी, आगरा में उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, हरदोई में आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल और अम्बेडकरनगर में मंत्री संजय निषाद ने ध्वजारोहण किया। सिद्धार्थनगर में सांसद जगदम्बिका पाल ने हर घर तिरंगा यात्रा में भाग लिया। वहीं गाजियाबाद, फर्रुखाबाद, जौनपुर और फतेहपुर में कई राज्य मंत्रियों ने झंडारोहण किया। लखनऊ में भाजपा मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने झंडा फहराया।

—————————

मथुरा में भगवान श्रीकृष्ण के 5252वें जन्मोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। श्रीकृष्ण–जन्मस्थान सेवा संस्थान के सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने बताया कि इस बार ऑपरेशन सिंदूर को ध्यान रखते हुए जन्मोत्सव

को राष्ट्र भक्ति से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि श्रद्लुओं को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का सीधा प्रसारण दिखाने के लिए एलईडी स्क्रीन लगाई जा रही हैं। नगर आयुक्त जग प्रवेश ने बताया कि श्रद्लुओं की भीड़ और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्थानीय प्रशासन ने विशेष व्यवस्थाएं की हैं।

——————————

पैगंबर इस्लाम मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन का चेहलम आज ग़मगीन माहौल में मनाया जा रहा है। लखनऊ के विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित नाजिम साहब के इमामबाड़ा से चेहल्लुम का जुलूस निकला गया, जो कर्बला तालकटोरा पर जाकर खत्म हुआ। इस दौरान सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए।

(समाप्त)